सीबीएसई और माइक्रोसॉफ्ट टेक अवांट-गार्ड (TAG) द्वारा बाल भारती पब्लिक स्कूल अनूपपुर एकमात्र कनेक्टेड लर्निंग कम्युनिटी - सीएलसी स्कूल के रूप में सम्मानित हुआ

15 जून, 2024 – सीबीएसई और माइक्रोसॉफ्ट टेक अवांट-गार्ड (TAG) के आयोजित ऑनलाइन शुभारम्भ समारोह में बाल भारती पब्लिक स्कूल अनुपपुर को शहडोल संभाग में एकमात्र कनेक्टेड लर्निंग कम्युनिटी (सीएलसी) स्कूल के रूप में सम्मानित किया गया है, जो सीबीएसई और माइक्रोसॉफ्ट टेक अवांट-गार्ड (TAG) द्वारा समर्थित एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। निःसंदेह यह एक प्रतिष्ठित स्कूल की शैक्षिक उत्कृष्टता और तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है।

कार्यक्रम की शुरुआत बीबीपीएस अनूपपुर के प्राचार्य के स्वागत संबोधन से हुई, जिन्होंने स्कूल के आदर्श वाक्य "हंसो नयतु नः प्रज्ञाम" पर जोर दिया, जो संस्थान की उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को रेखांकित करता है। कार्यक्रम का शुभारंभ हिन्दुस्तान पॉवर जैतहरी के मानव संसाधन विभाग प्रमुख आर. के. खटाना, द्वारा फीता काटकर किया गया, साथ ही कंपनी प्रबंधन से विजय सोनी और गौरव पाठक की उपस्थिति ने इसे और गरिमामय बनाया | कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण माइक्रोसॉफ्ट "कार्ट ब्लांच - एंडलेस एम्पावरमेंट", प्रोजेक्ट की शुरुआत थी। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि यह परियोजना, "कार्ट ब्लांच - एंडलेस एम्पावरमेंट", सीबीएसई और टेक अवंत-गार्ड (टैग-माइक्रोसॉफ्ट ग्लोबल ट्रेनिंग पार्टनर) के बीच का संयुक्त उद्यम है।

इस कार्यक्रम के तहत, टेक अवंत-गार्ड, सीबीएसई, माइक्रोसॉफ्ट और अन्य भागीदारों के साथ साझेदारी में हाइब्रिड लर्निंग, डिजिटल लिटरेसी, स्किल हब इनिशिएटिव, फाइनेंशियल डिजिटल लिटरेसी प्रोग्राम, एडोलसेंट हेल्थ प्रोग्राम, हेल्थ कियोस्क, स्कूल एंड कॉलेज कनेक्ट, आर्ट कनेक्ट, स्कूल सिनेमा और वर्चुअल फील्ड ट्रिप को लागू करेगा।

कार्यक्रम में अजय कुमार तिवारी, परियोजना समन्वयक और कक्षा आठवीं की कक्षा शिक्षिका रश्मि उपाध्याय के समर्पण को भी सम्मानित किया गया। कार्ट ब्लांच की पहल तथा छात्रों को उत्कृष्टता की ओर मार्गदर्शन करने में इनका सराहनीय योगदान रहा।

कार्यक्रम का समापन बीबीपीएस अनूपपुर को एक ऐसे स्थान के रूप में पोषित करने के वादे के साथ हुआ, जहां विद्यार्थियों के सपने उड़ान भरते हैं और जहां ज्ञान और क्षमता फलती-फूलती है। कार्यक्रम की शानदार सफलता, निश्चित रूप से छात्रों को उत्कृष्टता प्रदान करने और तकनीकी रूप से निपुण बनाने की ओर बीबीपीएस अनूपपुर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।